09.29 12:41

7.1 केन्द्रीय विद्यालय विजयपुर

अर्धवार्षिक परीक्षा 2019

विषय-- हिन्दी

कक्षा - सातवी. पूर्णान्क- 80

समय-2:30 घंटे

खंड (क)

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर पूछ गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए
डॉ. कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषम' तथा 'पद्मविभूष्ण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्म ठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पड़ की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था - 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

(क) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है? 1

(ख) डॉ. कलाम किस प्रवृत्ति के व्यक्ति थे? 1

(ग) डॉ. कलाम को क्या - क्या बेहद पसंद था? 2

(घ) डॉ. कलाम को किन-किन सम्मानों से सम्मानित किया गया? 2

(ड.) डॉ. कलाम की तरह आप भारत को आगे बढ़ाने के लिए क्या प्रयास करेंगे।. 2

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रशनो के उत्तर लिखिए

मैंने देखा

एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है।

उसके नीचे

कुछ छोटे-छोटे पौधे ।
बड़े सुशील विनम्र
देखकर मुझको यों बोले
हम भी कितने खुशकिस्मत हैं।
जो खतरों को नहीं सामना करते।
आसमान से पानी बरसे, आगी बरसे
आँधी गरजे
हमको कोई फ़िक्र नहीं है।
एक बड़े की वरद छत्रछाया के नीचे
हम अपने दिन बिता रहे हैं।
बड़े सुखी हैं।

प्रश्न

(क) इस कविता में 'बरगद' किसका प्रतीक है? 1

(ख) इनमें कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है? 1

(ग) 'आँधी गरजे' से क्या तात्पर्य है? 2

(घ) छोटे पौधे कैसा जीवन बिता रहे हैं? 1

(ङ) बरगद के पेड़ की क्या विशेषता होती है? 2

## खंड. (ख)

प्रश्न. 3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए |

क) आंखों का तारा मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें| 1

ख ) पर शब्द का विभिन्न अर्थ देने वाले दो वाक्य बनाइये | 1

ग ) द्वद्व समास का एक उदाहरण लिखिए. 1

घ )शब्द बनाइये. क +अ+क+श+आ. 1

ड.) पर्दा -सा. से वाक्य बनाइये. 1

च ) छोरी शब्द का प्रचलित रूप लिखिये. 1

छ) आवट प्रत्यय के मेल से एक शब्द बनाइये | 1

ज) माताजी कल पार्टी मे नहीं गयी------- वे अस्वस्थ थी | 1

उचित सम्मुच्यबोधक से वाक्य पूरा करो

झ.) पीठ ठोकना मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें| 1

ञ.) हाथ और कडी जोड़कर सार्थक शब्द बनाईये. 1

ट) घर -घर पुनरुक्त शब्द से. वाक्य बनाइये. 1

ठ) मिलान कीजिये. 2

मोटा. नदी

गहरी. आदमी

ड) शरमाना से प्रत्यय अलग कीजिए. 1

ढ) तीस विद्यार्थी कक्षा मे है. वाक्य मे विशेषण छाँटकर उसका नाम लिखिए. | 1

खंड - (ग)

०प्रश्न 4 - निम्नलिखित पठित गद्यान्श के आधार पर पूछ गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

दिन में मैं चादर लपेटे सोया था। दादी माँ आईं, शायद नहाकर आई थीं, उसी झागवाले जल में। पतले-दुबले स्नेह-सने शरीर पर सफ़ेद किनारीहीन धोती, सन-से सफ़ेद बालों के सिरों पर सद्यः टपके हुए जल की शीतलता। आते ही उन्होंने सर, पेट छुए। आँचल की गाँठ खोल किसी अदृश्य शक्तिधारी के चबूतरे की मिट्टी मुँह में डाली, माथे पर लगाई। दिन-रात चारपाई के पास बैठी रहतीं, कभी पंखा झलतीं, कभी जलते हुए हाथ-पैर कपड़े से सहलातीं, सर पर दालचीनी का लेप करतीं और बीसों बार छू-छूकर ज्वर का अनुमान करतीं। हाँडी में पानी आया कि नहीं? उसे पीपल की छाल से छौंका कि नहीं? खिचड़ी में मूंग की दाल एकदम मिल तो गई है? कोई बीमार के घर में सीधे बाहर से आकर तो नहीं चला गया, आदि लाखों प्रश्न पूछ-पूछकर घरवालों को परेशान कर देतीं।

(क). दादी के बालों का रंग कैसा था ? 1

(ख) दादी ने सर, पेट क्यों छुए ? 2

(ग) दादी बुखार (ज्वर) को उतारने के लिए क्या - क्या उपाए करती थी. 2

० प्रश्न 5-निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*4=8

(क)यासुकी चान को पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोतो चान ने अथक प्रयास क्यों किया ?

(ख)लैटरबक्स को सभी लाल ताउ कहकर क्यों पुकारते थे?

(ग) दादी माँ के स्वाभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

(घ) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन किन की प्रशंसा की है?

( ड) किन बातों से पता चलता है कि माधवदास का जीवन सम्पन्नता से भरा था और किन बातों से पता चलता है कि वह सुखी नहीं था ?

प्रश्न-6निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए |

हम पंछी उन्मुक्त गगन के

पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,

कनक-तीलियों से टकराकर

पुलकित पंख टूट जाऍंगे।

हम बहता जल पीनेवाले

मर जाएँगे भूखे-प्यासे,

कहीं भली है कटुक निबोरी

कनक-कटोरी की मैदा से,

क)प्रस्तुत पद्यांश के कवि तथा कविता का नाम लिखिए 2

ख) किन से टकराकर पन्छियो के पुलकित पंख टूट जाएंगे? 1

(ग)पक्षियों को क्या खाना भला लगा. 2

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*4=8

(क) सभी पक्षी स्वतंत्र क्यों रहना चाहते हैं ?

(ख) कवि ने अंधकार को भेडो के गल्ले सा क्यों कहा है?

(ग)पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतली को क्यों अच्छी लगी?

(घ) भाव स्पष्ट कीजिये

या तो क्षितिज़ मिलन बन जाता/ या तनती साँसो की डोरी

०प्रश्न 8निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*2=4

क) देवव्रत किस प्रतिग्या के कारण भीष्म कहलाये?

ख )दुर्योधन पान्ड्वो से ईषया क्यों करता था ?

ग) दु:शासन ने द्रोपदी के साथ कैसा व्यवहार किया ?

खंड (घ)

प्रश्न 9 मित्र को कक्षा मे प्रथम आने  पर बधाई पत्र लिखिए|5

अथवा

दो दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए |

प्रश्न 10 किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | (10)

क.  विद्यार्थी और अनुशासन

ख. सच्चा मित्र

ग. पर्यावरण रक्षा

घ.मेरा प्रिय खेल

प्रश्न 11 घायल पक्षी की देखभाल के बारे में पिता और पुत्र के मध्य संवाद लिखिये |         (5)

अथवा

कलम से कॉपी के मध्य सम्वाद लिखिए|